

# किसी ने बादाम, स्ट्रॉबेरी की खेती से तो किसी ने जैविक खेती कर बनाई पहचान

## कृषि विज्ञान केंद्र में किसान दिवस एवं प्राकृतिक खेती पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाजापुर, 23 दिसंबर. कृषि विज्ञान केन्द्र में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य मे राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान का उदबोधन का लाइव प्रसारण किया गया. इसके पूर्व कृषि विज्ञानियों ने किसानों को उन्नत खेती के गुर बताए. वहीं कार्यक्रम के दौरान जिले के कई उन्नतशील किसान शामिल हुए, जिन्होंने विशेष तरीकों से, फसल विविधिकरण, उन्नशील किस्मों का उपयोग कर कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में खेती को उद्योग बना दिया, अब यह किसान कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाकर सभी के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं.**

मंगलवार को केवीके में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र प्रमुख डॉ. जीआर अंबावतिया ने की. मुख्य अतिथि रमेश पाटीदार सदस्य जिला विकास समिति शाजापुर थे. कार्यक्रम के दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड, डॉ. गायत्री वर्मा, डॉ. मुकेश सिंह, डॉ. डीके तिवारी एवं श्री रत्नेष विश्वकर्मा उपस्थित रहे. इस दौरान जिले के प्रगतिशील कृषक अरूण सोनानिया, हरिओम परमार, कांतिलाल पाटीदार, प्रदीप परमार, विनोद पाटीदार देवेन्द्र परमार जयनारायण पाल के साथ ही 140 से अधिक कृषक उपस्थित थे.



### कृषि मंत्री ने कहा- टेक्नोलॉजी का उपयोग उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण

कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के उदबोधन का सीधा प्रसारण ऑनलाईन माध्यम किया. उदबोधन के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आधुनिक कृषि पद्धतियां,विकसित बीजों की नई किस्में, वैज्ञानिक खेती और टेक्नोलॉजी का उपयोग उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है. उन्होंने बताया हमारे यहां खेत के जोत के आकार छोटे हैं. इसलिए हमको केवल अनाज या फल-सब्जी तक सीमित न रहकर इंटीग्रेटेड फार्मिंग अर्थात पशुपालन, कृषि वानिकी, मधुमक्खी पालन जैसे अनेक कार्यों को साथ लेकर खेती करना पड़ेगा.धरती आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपजाऊ बनी रहे, इसलिए प्राकृतिक खेती की तरफभी धीरे-धीरे हम कदम बढ़ाएं. कैसे केमिकल फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड का संतुलित उपयोग करें, इसके बारे में भी गंभीरता से सोचें. दलहन और तिलहन में अभी आयात पर निर्भरता है, इसको भी हमें समाप्त करना है. इस दौरान उन्होंने विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन (जी राम जी योजना) के बारे मे विस्तार से बताया.

### औषधीय फसलों की उन्नत तकनीकी की जानकारी दी

कार्यक्रम के प्रारंभ में केन्द्र प्रमुख डॉ जीआर अंबावतिया के द्वारा विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (जी राम जी योजना) के बारे मे विस्तार से बताया. साथ ही फसल विविधीकरण एवं औषधीय फसलों की उन्नत तकनीकी की जानकारी दी. कार्यक्रम के दौरान डॉ.एसएस धाकड ने रबी मौसम प्रयोग होने वाले उन्नत कृषि यंत्र, संरक्षित खेती, सिंचाई एवं जल प्रबंधन के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की. डॉ. गायत्री वर्मा ने मशरूम उत्पादन तकनीक, मोटे अनाज का महत्व एवं प्रसंस्करण पर प्रकाश डाला एवं अपने भोजन में इन्हे शामिल करने की सलाह दी. डॉ. मुकेश सिंह ने रबी फसलों में एकीकृत कीट प्रबंधन के साथ रबी प्याज उत्पादन तकनीक की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. डॉ. डीके तिवारी ने प्राकृतिक खेती के महत्व एवं उपयोगिता, रबी फसलों के प्रमुख किस्में, गेंहू उत्पादन तकनीक पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. श्री रत्नेश विश्वकर्मा द्वारा कृषि में सूचना तकनीकी का महत्व एवं प्रभाव के साथ, कृषको हेतु उपयोगी विभिन्न एप एवं वेबसाइटो के साथ सायबर सुरक्षा बिषय पर तकनीकी जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम में कृषकों की समस्याओं का मौके पर निदान किया. इस दौरान प्रगतिशील कृषको ने अपने अनुभव पर किसानों से चर्चा की.



### वियतनाम सुपर अर्ली कटहल और दो एकड़ में पपीता लगाया

इस दौरान उन्नतशील कृषक हरिओम परमार ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के मार्गदर्शन में पारंपरिक खेती से अलग हटकर संरक्षित खेती के माध्यम से आधुनिक और विदेशी फसलों की खेती करते हैं . वे 5 एकड़ जमीन पर वह खेती करते हैं, उन्होंने कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है . उन्होंने नर्सरी में 186 देश की 200 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधे आरोपित किए हैं . उन्होंने दो एकड़ में वियतनाम सुपर अर्ली कटहल और दो एकड़ में पपीता लगाया है जबकि 4 .50 बीघा में एप्पल बेर की खेती कर रहे हैं इसके अलावा उन्होंने अदरक, आलू और स्ट्रॉबेरी नींबू जैसी फसले भी लगाई है वह सिर्फसामान्य फसलों पर सीमित नहीं है बल्कि वॉटर एप्पल बाइक कटीमो नाम ब्लैकबेरी रामधुल फल फॉरेस्ट अमरूद, मलेशिया इमली, केला चीकू, थाईलैंड पेमिलो कैलिफोर्निया बादाम और काला जामुन जैसे दुर्लभ फलों की खेती भी कर रहे इसके अलावा वह तीन प्रकार के जामुन लाल गुलाबी और सफेद भी उगा रहे हैं .

### तरबूज, खरबूज, टमाटर की खेती कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे है ...

अरूण सोनानिया ने बताया कृषि विज्ञान केन्द्र से प्राकृतिक खेती से प्रषिक्षण प्राप्त कर 20 बीघा मे प्राकृतिक खेती कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं . साथ ही उन्होंने जिले मे पहली जैविक सामग्री का उपयोग कर आयोजिहत शादी समारोह के बारे मे बताया . कांतिलाल पाटीदार ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र में नए कृषि यंत्रों का प्रयोग एवं विभिन्न फसलों हेतु इनका उपयोग तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन की उन्नत तकनीक सीखी एवं तरबूज, खरबूज ,टमाटर की खेती कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे है .

## एक नजर में

### कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत छात्राओं को दी जानकारी



**शाजापुर, 23 दिसंबर .** शासकीय कन्या महाविद्यालय शाजापुर में शासन के आदेश अनुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय विद्यालय ज्योति नगर में छात्राओं को नवीन प्रवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई . जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का परिचय कराते हुए उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने की पंजीयन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज की जानकारी कॉलेज चलो प्रभारी डॉक्टर कपिल जाटव ने प्रदान की . तत्पश्चात श्रीमती दीपिका गुप्ता ने उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों जैसे गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, सेंटर सेक्टर स्कॉलरशिप, आवास सहायता योजना आदि की जानकारी प्रदान करते हुए ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया . इसके पश्चात डॉक्टर संदीप सिंह ने महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव, मल्टीडिसीप्लिनरी आदि विषयों की सारगरभीत जानकारी प्रदान की और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर महाविद्यालय में संपर्क करने का आग्रह किया . उक्त अभियान में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेणुका परमार एवं विद्यालय की अन्य मैडमों के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही .

### वर्मा को मिला अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता पुरस्कार



**शाजापुर, 23 दिसंबर .** देश की राजधानी दिल्ली के कान्स्टिट्यूशन क्लब आफ इंडिया में सुकरात सामाजिक अनुसंधान विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसायटी के संस्थापक नवीन चंद्र वर्मा को अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है . श्री वर्मा को यह पुरस्कार सामाजिक क्षेत्र में नि :स्वार्थ भाव से काम करने पर मिला है . इसके अलावा उन्हें मानद डाक्टरेट उपाधि से भी सम्मानित किया गया . वर्मा ने बताया कि कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसायटी शाजापुर मध्य प्रदेश में 2005 से सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न विषयों पर कार्य कर रही विशेषकर पर्यावरण, बाल संरक्षण और स्वास्थ, नदी सफाई, बच्चों की सुनो अभियान, पौधारोपण, टीबी मुक्त भारत अभियान, नशा मुक्ति अभियान, बाल श्रम मुक्त अभियान जन अभियान के साथ जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यए यात्राएं, युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ना, जागरूकता अभियान के लोगो को जागरूक करना, वृद्ध जनों का सम्मान, कोविड 19 महामारी के दौरन सहयोग, प्लास्टिक मुक्त अभियान, योग को बढ़ावा दिया गया . वर्मा को यह पुरस्कार प्रो .डॉ .निरंजन कुमार दिल्ली प्लानिंग यूनिवर्सिटी के चेयरमैन, डॉ .के योगेश चेयरमैन सुकरात सामाजिक अनुसंधान विश्वविद्यालय, न्याय मूर्ति राजेश टंडन सेवानिवृत्त अधिवक्ता भारत सर्वोच्च न्यायालय, डॉ . ओमप्रकाश एसएएस पूर्व मुख्य सचिव यूके, प्रो . संतोष पांडा नेशनल फेलो, पूर्व अध्यक्ष एनआईईपीए प्रोफेसर पीके साहू इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, पीके सहगल, डॉ .हंसराज सुमन दिल्ली विश्वविद्यालय के आतिथ्य में दिया गया .

### पायनिअर पब्लिक स्कूल का तीन दिनी भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

**शाजापुर, 23 दिसंबर .** पायनिअर पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को मथुराए वृंदावन और आगरा का भ्रमण कराया गया . इस भ्रमण से लौटे बच्चों ने संचालक, प्राचार्य और शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया . संस्था प्राचार्य विमल जैन ने बताया कि विद्यालय प्रभारी अंजू शुक्ला के निर्देशन में स्कूल प्रबंधन विभिन्न कक्षाओं के कुल 45 बच्चों को लेकर मथुरा, वृंदावन, आगरा के शैक्षणिक भ्रमण के लिए गत दिनांक 18 दिसंबर की शाम को शाजापुर से रवाना हुआ था . जिसके बाद तीन दिनों तक उक्त ऐतिहासिक स्थलों की विभिन्न धार्मिक व दार्शनिक धरोहरों से बच्चों को रुबरु करवाया गया . इस दौरान टूर में शामिल बच्चों को उन स्थानों के प्राचीन, एतिहासिक व धार्मिक महत्व की जानकारियां भी स्थानीय गाइड के माध्यम से दी गई . भ्रमण दल सकुशल यात्रा करके दिनांक 22 दिसंबर को दोपहर में वापस लौटा . इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय संचालक मंगल नाहर, किशनलाल विश्वकर्मा, शिक्षक निलेश जोशी, विशाल परिहार, शिक्षिकाएं सारिका भावसार, रोशनी सोनी, आंचल शुक्ला, सहयोगी बाबुलाल एवं सीताराम सहित 45 स्कूली बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए .

# यातायात विभाग ने 25 से अधिक ऑटो रिक्शा के काटे चालान

**शाजापुर, 23 दिसंबर. यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए यातायात पुलिस ने मंगलवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया. सुबह से शाम 4 बजे तक चले इस अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 से अधिक आटो रिक्शा के चालान काटे गए.**

यह कार्रवाई शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित कर रहे तीन पहिया वाहनों के खिलाफ की गई. कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों के दस्तावेजों की गहन जांच की. इसमें फिटनेस प्रमाण पत्र, वाहन बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे आवश्यक कागजात शामिल थे. जिन आटो रिक्शा में यूनियन नंबर नहीं थे, उनके चालकों को तत्काल यूनियन नंबर लगाने और यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए. यातायात थाना प्रभारी सौरव शुक्ला ने बताया कि जिन आटो चालकों ने यातायात नियमों का उल्लंघन किया उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है. उन्होंने चालकों को सावधानी से वाहन चलाने, निर्धारित संख्या से अधिक यात्रियों को न बैठाने और सड़क पर अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी भी दी. अभियान के दौरान चालकों को शासन की राहगीर योजना सहित विभिन्न यातायात योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई. उन्हें सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने पर मिलने वाले पुरस्कार और सम्मान से भी अवगत कराया गया. यातायात पुलिस द्वारा व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे.

# फिर कंपकंपाएगी सर्दी, शीतलहर से सर्द होगा मौसम

## आज से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, नगर ने फिर ओढ़ी कोहरे की चादर

**शाजापुर, 23 दिसंबर. तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है. कभी तापमान बढ़ रहा है तो कभी कम हो रहा है, जिससे कभी मौसम सर्द हो रहा है तो कभी लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा है. वहीं आसमान पर बादलों का भी डेरा लगा हुआ है. लेकिन आज से मौसम में फिर परिवर्तन होगा और तापमान में गिरावट होगी.**

हालांकि मंगलवार को नगर का अधिकतम तापमान 28.1 और न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री दर्ज किया गया. लेकिन इस दिन छाए घने कोहरे से लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ा. सुबह सवेरे सैर पर निकले लोगों को सर्दी ने कंपकंपाया. सुबह करीब 9 बजे बाद कोहरा छंटा तब लोगों को राहत मिली. घना कोहरे से शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता काफी कम हो गई. पिछले दो दिनों से आसमान में बादल छाए रहने के बाद मौसम ने अचानक करवट ली. शीतलहर के कारण सुबह के समय कड़ाके की ठंड महसूस की गई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ. मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार आर्द्रता 38 प्रतिशत रही और उत्तर पूर्वी दिशा से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से हवा चली.



### आज से फिर सर्द होगा मौसम ...

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि 24 की रात से मौसम फिर सर्द होगा और कड़ाके की सर्दी शुरू होने की संभावना है . मौसम का यह हाल 27 दिसंबर तक रहेगा . इसके बाद मौसम में खास परिवर्तन की संभावना नहीं है और लोगों को पूरे सप्ताह सर्दी का सामना करना होगा . मंगलवार को भी करीब 9 बजे कोहरा छंटने के बाद धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली . ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों में दिखे और शहर के कई हिस्सों में अलाव जलाए गए .

# रोजगार मेला 1 जनवरी को

**शाजापुर, 23 दिसंबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार युवा संगम रोजगार मेला 1 जनवरी को बीकेएसएन कॉलेज में 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा. रोजगार मेले में युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आवेदकों की योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं स्नातक, आयु 18 से 40 वर्ष तक के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाकर का चयन किया जाएगा.

# जनसुनवाई में समस्याओं का समाधान न होने से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

**शाजापुर,23 दिसंबर. प्रति मंगलवार होने वाली जनसुनवाई को लेकर इस मंगलवार जनसुनवाई के दौरान हंगामा हो गया. समस्याओं का समाधान न होने का आरोप लगाते हुए कुछ लोग कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हो गए और उन्होंने जनसुनवाई बंद करो के नारे लगाए. नारेबाजी की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम मौके पर पहुंचीं. उन्होंने शिकायतकर्ताओं को समझाकर स्थिति को शांत कराया.**



लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होती है. जनसुनवाई में पहला मामला ग्राम पोलायखुर्द, तहसील पोलायकला से संबंधित था. यहां शासकीय भूमि सर्वे नंबर 1396, रकबा 2.045 हेक्टेयर पर अवैध नामांतरण और अतिक्रमण का आरोप लगाया गया है. शिकायतकर्ताओं के अनुसार लालजीराम पिता कुमेर सिंह सहित अन्य लोगों ने राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत कर धोखाधड़ी और कूटरचना के माध्यम से भूमि के कुछ हिस्सों को अपने नाम दर्ज करा लिया है. इस भूमि पर अनुसूचित जाति समाज का एक प्राचीन मंदिर और बच्चों का श्मशान घाट स्थित है.

### जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

ग्राम पंचायत ने यहां मांगलिक भवन निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया है, लेकिन आरोपी अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं. शिकायत में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं, शिकायतकर्ताओं ने अवैध नामांतरण को निरस्त करने और दोषियों के खिलाफआपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है.

# राजस्थान में रासेयो स्वयंसेवक इसराइल बढ़ाएंगे जिले का मान

**शाजापुर, 23 दिसंबर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक इसराइल खां राजस्थान में महाविद्यालय एवं जिले का मान बढ़ाएंगे.**

वे वहां एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज जयपुर में 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रदेश का प्रतिनिधित्व सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के दल के साथ शामिल होंगे. मंगलवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा, डॉ. दिनेश निंगवाल, डॉ.बीके सोलंकी, समस्त स्टाफ सदस्यों, रासेयो परेड एसयूओ शिवम सहित रासेयो स्वयंसेवको ने शुभकामनाएं प्रेषित कर शिविर के लिए विदा किया. स्वयंसेवक ने इकाई के परेड प्लाटून, मां राजराजेश्वरी मेला व्यवस्था दल तथा इकाई द्वारा चलाए गए वृहद प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान में विशेष कार्य किया है. स्वयंसेवक का रासेयो दैनिक गतिविधि एवं विशेष शिविर जैसी गतिविधियों में सक्रियता और संचार कौशल में रूचि के आधार पर इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर के लिए चयन हुआ. शिविर के दल में विश्वविद्यालय से कुल दस स्वयंसेवक एवं एक रासेयो कार्यक्रम अधिकारी शामिल होंगे.




# अभिभाषक संघ ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

**शाजापुर, 23 दिसंबर.** अभिभाषक संघ द्वारा हाल ही में लोक अभियोजक सहित अन्य पदों पर पदोन्नत हुए अभिभाषकों को सम्मानित किया. मंगलवार को जिला अभिभाषक संघ शाजापुर में नवनियुक्त लोक अभियोजक एवं अतिरिक्त लोक अभियोजक शासकीय अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया. अभिभाषक संघ के मीडिया प्रभारी सईद पठान ने बताया कि शासन द्वारा महेंद्र परमार को जीपी लोक अभियोजक नियुक्त किया हैं. इसके अलावा अभिभाषकगण रमेश कुमार इंद्रिया, नीरज त्रिवेदी, अनुराधा सोलंकी को अतिरिक्त अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया है. इस पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष विवेक शर्मा एवं सदस्य गण द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का सम्मान किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषकगण शिवनारायण शिवहरे, विवेक शर्मा, मंजरअली वारसी, संजय व्यास, करणसिंह गुर्जर, शिव कलेशरिया, इसहाक अंसारी, गिरधारीलाल देवतवाल, दिलीप नागर, अनिल आचार्य, संजय पटोंदा, भारतसिंह चौहान, तंजीम सिद्दीकी आदि उपस्थित थे.

## एक नजर में — शाजापुर नगर में ऐतिहासिक सामाजिक पहल

# संघ शताब्दी वर्ष पर समाज की स्वप्रेरणा से 8 केंद्रों पर होंगे भव्य हिंदू सम्मेलन

**शाजापुर, 23 दिसंबर. शाजापुर नगर के सामाजिक, सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार ऐसा व्यापक और संगठित आयोजन होने जा रहा है, जिसमें समाज स्वयं आगे आकर नेतृत्व करेगा. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के गौरवमयी अवसर पर नगर में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और हिंदू एकता का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिलेगा.**

इस अवसर पर शाजापुर नगर को आठ विभिन्न केंद्रों में विभाजित कर समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा स्वप्रेरणा से अलग-अलग आयोजन समितियों का गठन किया गया है. प्रत्येक समिति अपने क्षेत्र में भव्य हिंदू सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामूहिक सहभोज का आयोजन करेगी. इन आयोजनों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह कार्यक्रम न तो किसी संस्था विशेष द्वारा और न ही किसी राजनीतिक मंच से आयोजित किया जा रहा है, बल्कि यह पूर्णत: समाज का, समाज के लिए और समाज द्वारा संचालित है. यह पहल नगर में सामाजिक सहभागिता और संगठन क्षमता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करेगी.

### इन आठ आयोजन समितियों के माध्यम से होगा सामाजिक समागम ...

सामाजिक समागम का आयोजन श्री संकट मोचन हनुमान हिंदू सम्मेलन समिति, श्री नीलकंठेश्वर महादेव हिंदू सम्मेलन समिति,श्री दास हनुमान हिंदू सम्मेलन समिति, श्री बलवीर हनुमान हिंदू सम्मेलन समिति,श्री राम हिंदू सम्मेलन समिति, श्री काशी विश्वनाथ महादेव हिंदू सम्मेलन समिति, श्री बजरंग हिंदू सम्मेलन समिति, श्री चैतन्य चिंतामणि हिंदू सम्मेलन समिति कुल आठ आयोजन समितियों के माध्यम से होगा . इन सभी समितियों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम आगामी 10, 11, 17 एवं 18 जनवरी 2026 को शाजापुर नगर के आठ अलग-अलग केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे . कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सामाजिक समरसता पर केंद्रित उद्बोधन, पारंपरिक कार्यक्रम, सामूहिक सहभोज, संत समाज आशीष वचन सहित कार्यक्रम रहेंगे .

### व्यापक जनसंपर्क अभियान जारी ...

वर्तमान में सभी आयोजन समितियों द्वारा नगर के वार्डों, मोहल्लों एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है . समाज के प्रत्येक वर्ग को इन आयोजनों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक सहभागिता निभा सकें . सम्मेलन में प्रत्येक हिंदू परिवार से प्रत्येक सदस्य शामिल होकर सहभागिता करेगा, नगर के प्रबुद्धजनों का मानना है कि यह आयोजन न केवल संघ शताब्दी वर्ष को स्मरणीय बनाएगा, बल्कि शाजापुर नगर में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक एकता और राष्ट्रभावना को भी नई दिशा देगा .